समाचार

# 05 अक्टूबर से घर–घर पहुंचेगे कर्मचारी, लेंगे लक्षणात्मक मरीजों की जानकारी

## (कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान का प्रशिक्षण सम्पन्न, आयुक्त श्री एस. जयवर्धन ने कर्मचारियों का किया मार्गदर्शन)




कोरबा 04 अक्टूबर 2020 –नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में 05 अक्टूबर से चलाए जाने वाले कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान में संलग्न अधिकारी कर्मचारियों को दिए जा रहे सर्वे कार्य का प्रशिक्षण आज सम्पन्न हुआ। आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने प्रशिक्षण कार्यक्रम में पहुंचकर सर्वे कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया तथा पूरी गंभीरता व सजगता के साथ कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए त्रुटिरहित सर्वे कार्य सम्पन्न कराने के निर्देश उन्हें दिए। प्रशिक्षण कार्यक्रम में अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने भी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया।

राज्य शासन के दिशा निर्देशों के तहत कोविड–19 के संक्रमण को रोकने हेतु समुदाय स्तर पर लक्षणात्मक मरीजों की त्वरित पहचान कर उनकी कोविड–19 की जांच, पाजिटिव पाए जाने पर उनका होम आईसोलेशन व उपचार किए जाने हेतु जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे का अभियान चलाया जा रहा है। नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र में यह अभियान सोमवार 05 अक्टूबर से सभी वार्डो में चलाया जाएगा। सर्वे कार्य में संलग्न मितानिनों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं सहित अन्य कर्मचारियों को कार्य का सघन प्रशिक्षण देने हेतु दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रियदर्शनी इंदिरा स्टेडियम परिसर स्थित राजीव गांधी आडिटोरियम में 03 व 04 अक्टूबर को आयोजित किया गया था, जहां पर निगम के सभी 08 जोन में सर्वे कार्य हेतु संलग्न किए गए कर्मचारियों को कार्य का सघन प्रशिक्षण दिया गया, प्रशिक्षण के अंतिम दिन आज बालको, दर्री, बांकीमोंगरा व सर्वमंगला जोन के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया तथा कार्य की बरीकियों को समझाया गया। आज सम्पन्न प्रशिक्षण में आयुक्त श्री एस.जयवर्धन ने पहुंचकर सर्वे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया तथा सर्वे कार्य के संबंध में उनको आवश्यक मार्गदर्शन दिया। उन्होने सर्वे कर्मचारियों से कहा कि सर्वे कार्य

के दौरान पूरी गंभीरता व सजगता से जानकारी का संकलन करें तथा इस दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल का पालन अनिवार्य रूप से करें।

<u>सर्वे कार्य को गंभीरता से लें</u>– अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा ने सर्वे कर्मचारियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि सघन सामुदायिक सर्वे का यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसे पूरी गंभीरता से लें तथा त्रुटिरहित सर्वे कार्य सम्पन्न कराएं। घर–घर पहुंचकर लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी लेते हुए निधारित प्रपत्रों में दर्ज करें तथा इस बात का विशेष ध्यान रखें कि सभी बिन्दुओं पर स्पष्ट जानकारी संकलित हों। उन्होने कहा कि सर्वे कार्य के दौरान मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग सहित कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करें। इस मौके पर निगम के जोन कमिश्नर एम.के.वर्मा, एम.एन.सरकार, भूषण उरांव, आर.के.भोजासिया, निगम सचिव पवन वर्मा आदि उपस्थित थे।

<u>सर्वे कर्मचारियों को दिया गया सघन प्रशिक्षण</u>– प्रशिक्षण कार्यक्रम में सिटी प्रोग्राम मैनेजर श्री अशोक सिंह ने कोविड–19 सघन सामुदायिक सर्वे के तहत किए जाने वाले कार्यो, सर्वे के उद्देश्यों एवं जानकारियों के संकलन पर विस्तार से प्रकाश डाला, वहीं मुख्य मास्टर ट्रेनर प्राचार्य आर.के.साहू, सहायक प्राध्यापक सुशील गुप्ता व व्याख्याता गौरव शर्मा ने सर्वे कार्य का सघन रूप से प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के दौरान लक्षणात्मक व संदिग्ध मरीजों के विवरण प्रपत्र–ए पर दर्ज करने, उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों की जानकारी संकलित करने, सर्वे कार्य के दौरान कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करने, लक्षणात्मक व्यक्तियों के सैम्पल जांच संबंधी कार्यवाही संपादित कराने सहित सर्वे कार्य के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से कर्मचारियों को जानकारी दी गई।

<u>महापौर ने आमजन से की सहयोग की अपील</u>– महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने निगम क्षेत्र के नागरिकबंधुओं से अपील करते हुए कहा है कि निगम क्षेत्र में 05 अक्टूबर से चलाए जाने वाले कोरोना सघन सामुदायिक सर्वे अभियान के तहत सर्वे कार्य में संलग्न कर्मचारियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों की सही–सही जानकारी देवें, यदि घर का कोई सदस्य बुखार, सर्दी, खांसी, सांस लेने में तकलीफ, शरीर में दर्द, दस्त एवं उल्टी होना तथा सूघने व स्वाद में कमी होने जैसे लक्षणों से पीड़ित हैं, तो इसकी स्पष्ट जानकारी सर्वे कर्मचारियों को दें। इसी प्रकार 60 वर्ष से अधिक उम्र के व्यक्ति, गर्भवती माताएं, 05 वर्ष से कम उम्र के बच्चे, उच्च रक्तचाप, डायबिटीज से ग्रसित व्यक्ति, कैंसर अथवा किडनी रोग से ग्रसित, टी.बी., सिकलसेल, एड्स से पीड़ित व्यक्ति यदि परिवार में हैं तो अनिवार्य रूप से इसकी जानकारी सर्वे कर्मचारियों को दें तथा इस महत्वपूर्ण सर्वे अभियान में अपनी सहभागिता व सहयोग दें। उन्होने अपील की है कि कोरोना वायरस की चैन तोड़ने, इसके संक्रमण से बचने हेतु कोविड–19 के प्रोटोकाल का पूर्ण रूप से पालन करें, आवश्यक होने पर ही घर से बाहर निकले, अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें तथा इन सबके लिए औरो को भी प्रेरित करें।